इकोम एक्सप्रेस द्वारा अहमदाबाद में ब्लड डोनेशन का आयोजन

Blood Donation Camp
Organised by
Ecom Express
Date : 09/05/2017, Tuesday
Time : 1.00 p.m. to 5.00 p.m.
Venue : Ecom Express Pvt. Ltd.
Plot No. 346/5, Opp. Baliyadev temple, Nr. GD high School, Krishna Nagar, Saijpur Bogha, Memco, Ahmedabad.
INDIAN RED CROSS SOCIETY

अग्रणी एन्ड टू एन्ड इकोमर्स लोजिस्टीक सॉल्युशन्स प्रोवाइडर इकोम एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रेड क्रोस सोसायटी के सहयोग से शहर में ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य ब्लड देकर जिन्दगी बचाने के काम के प्रति जागरूकता लाना था। इस ड्राइव के दौरान इकोम एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने ब्लड बैंक की ब्लड की आवश्यकता एवं इमरजेन्सी को समझकर ब्लड दिया ।

इकोम एक्सप्रेस प्राइवेट लि.के सहसंस्थापक और डायरेक्टर के सत्यनारायणा ने बताया कि इकोम एक्सप्रेस में हम समाजिक जवाबदारी को गंभीरता से लेते हैं और लोगों की जरूरत में मदद करने में विश्वास रखते हैं । ऐसे इवेन्ट हमारे कर्मचारियों में और इन्डस्ट्री में जागरूकता लाने में मददरुप बनते है। ऐसे इवेन्ट में भागीदारी हमारे कर्मचारियों का काम संतोष प्रदान करता हैं। हम साथ मिलकर उमदा कार्य के लिए योगदान देते रहे यही हमारी इच्छा हैं , भले न छोटा योगदान क्यों न हो।

मेडिकल व्यवसायिकों से सज्ज साधन सम्पन्न मोबाइल ब्लड डोनेशन यूनिट व्यक्तिगत रूप से ब्लड देने की क्षमत्ता के आधार पर ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया शुरू की थी। ब्लड कलैक्शन की प्रक्रिया विशेषज्ञों के सुपरविजन में हो, इस पर विशेष बल देते हैं। –

महत्वपूर्ण योजनाओं से जन आकांक्षाओं में बढ़ोत्तरी

राजग सरकार द्वारा तीन वर्ष का शासनकाल पूरा करने के बाद महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करने पर पता चलता है कि नागरिक को योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। नागरिकों को यह एहसास हो जाता है कि वे राष्ट्रीय संसाधनों के सबसे बड़े दावेदार हैं। और, ऐसा क्यों न हो ? भारत दो ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बन गया है और दुनिया के तेजी से बढ़ते बाजारों में सबसे आगे है, लेकिन इसके बावजूद यहां के नागरिक पिरामिड के सबसे निचले हिस्से पर खड़े हैं, जहां तक विकास का लाभ नहीं पहुंच पाया है।

यही व्यक्ति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की जाने वाली महत्वपूर्ण योजनाओं के जरिए शक्ति सम्पन्न हो रहा है और अब देश की सम्पदा के संरक्षक सरकार के प्रति अपने दावे को मजबूत कर रहा है। वास्तव में एक नई राजनीतिक अर्थव्यवस्था विकसित हो रही है, जो इस तरह काम करती है-

सरकार जनता तक पहुंचती है, वर्गों तक नहीं। इससे शासन के पिरामिड में शिखर पर और सबसे निचले स्तर पर जो लोग खड़े हैं, उनके बीच एक बंधन पैदा हो जाता है। इनके बीच प्रौद्योगिकी द्वारा इस बंधन को ताकत मिलती है। यह दो तरफा रूप से काम करती है.

इससे शासन प्रणाली को सही लक्ष्य की पहचान करने में सुविधा होती है और पंक्ति में सबसे अंत में खड़े होने वाले व्यक्ति को शक्ति संपन्न बनाती है, जो वहां चुपचाप खड़ा नहीं रहना चाहता तथा आगे बढ़ने के लिए बेताब है।

इस तरह ऊंचे मानकों वाली योजनाएं तैयार की जाती हैं, जो बहुत साधारण प्रतीत होती हैं और आम सरकारी कार्यक्रमों की तरह ही होती हैं। कल्याणकारी राज्य किस तरह काम करता है, यह उसकी दिशा को दोबारा तय करेंगी।

वह चाहे प्रधानमंत्री की जन-धन योजना, बीमा सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना हो या प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना हो, सबका उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है.

विकास को सही अर्थों में समावेशी बनाया जाए, जिसके तहत घरेलू सहायक, सिक्युरिटी गार्ड, खेत मजदूर या अकुशल भवन निर्माण मजदूर खुद को शक्ति संपन्न समझे और पूरे विश्वास के साथ बैंक जा सके, अपना खाता खोल सके और तमाम तरह के अवसरों का लाभ उठा सके। जो लोग आर्थिक मुख्यधारा से बाहर रह गए थे, उनके आधार नम्बर के साथ जब बैंक खाते को जोड़ा गया तो उससे चमत्कार हो गया।

बैंक खाता और आधार नम्बर, ये दोनों अत्यंत कारगर उपाय हैं, जिनके जरिए लाभ लक्षित समूहों तक पहुंचता है और बीच में उन्हें कोई हड़प नहीं पाता। वास्तव में पेंशन, फसल बीमा, रसोई गैस सब्सिडी के लिए डीबीटी या कन्याओं के प्रोत्साहन सहित सभी योजनाओं को वित्तीय समावेशी कार्यक्रम के जरिए क्रियान्वित किया जा रहा है। इन्हें अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी कई बहु-स्तरीय एजेंसियां भी मान्यता देती हैं।

जन-धन योजना के अंतर्गत 28 करोड़ खातेदार हैं, जिनके खातों में लगभग 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं।

दि लिव लव लाफफाउंडेशन के यू आर नॉट अलोन प्रोग्राम की पहुंच अहमदाबाद में

अहमदाबाद, किशोर-किशोरियों की दिमागी सेहत के लिए दि लिव लव लाफ फाउंडेशन द्वारा देश के स्कूलों में निशुल्क चलाये जा रहे एक विशेष कार्यक्रम 'यू आर नॉट अलोन' ने कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात व दिल्ली के 276 स्कूलों में 34,023 छात्रों व 6,480 शिक्षकों तक पहुंच बनाकर एक वर्ष पूर्ण कर लिए है।

'यू आर नॉट अलोन' कार्यक्रम का फोकस किशोरों व शिक्षकों को तनाव, चिंता व डिप्रेशन के बारे में शिक्षित करने और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने पर रहा है। कार्यक्रम को तैयार किया है अभिनेत्री दीपिका पादुकोन द्वारा 2015 में स्थापित दि लिव लव लाफ फाउंडेशन ने, जिसका प्रमुख उद्देश्य है अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाना और समाज में दिमागी सेहत को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना।

'यू आर नॉट अलोन' प्रोग्राम की शुरुआत सुश्री दीपिका पादुकोन के पूर्व स्कूल सोफ़िआज हाई स्कूल, बेंगलुरु में मार्च 2016 को की गयी थी। तब से, यह कार्यक्रम 276 स्कूलों में चलाया जा चुका है, जिनमें 100 गैर-अंग्रेजी भाषी स्कूल भी हैं। इसे अंग्रेजी, हिंदी, तमिल व गुजराती भाषा में चलाया गया है। शहरवार यह प्रोग्राम कितने लोगों तक पहुंचा, इसका विवरण इस प्रकार है: बेंगलुरु में 19 स्कूलों के 3,808 छात्र व 1310 शिक्षक, मुंबई में 10 स्कूलों के 2766 छात्र व 119 शिक्षक, दिल्ली में 121 स्कूलों के 12,908 छात्र व 3974 शिक्षक, कोयम्बटूर में 15 स्कूलों के 4058 छात्र व 714 शिक्षक, बड़ौदा में 65 स्कूलों के 7506 छात्र व 281 शिक्षक, अहमदाबाद में 45 स्कूलों के 2577 छात्र व 72 शिक्षक, और देहरादून में एक स्कूल के 400 छात्र व 10 शिक्षक। (19-10)

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला

(अंतरिक्ष विभाग की यूनिट, भारत सरकार)
नवरंगपुरा, अहमदाबाद–380 009, भारत

विज्ञापन सं. 06/2017 दिनांक : 12/05/2017

वॉक–इन–इन्टरव्यू

भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग की यूनिट पी.आर.एल. एक प्रमुख वैज्ञानिक और अनुसंधान संस्था है जिसमें युवा, उद्यमी और ऊर्जावान तकनिकी प्रशिक्षु हेतु **एक वर्ष** के लिए निम्नानुसार कार्यक्रम की घोषणा की जाती है :

क्रम सं.	प्रशिक्षुता	वांछित प्रशिक्षु	शैक्षणिक योग्यता	प्रशिक्षण का क्षेत्र	समेकित पारिश्रमिक
1	टर्नर	3	**आईटीआई** (संबंधित ट्रेड में प्रथम श्रेणी) 1-2 साल का अनुभव वांछनीय	पीआरएल कार्यशाला / सीएमडी में संबंधित ट्रेड में की जाने वाली उत्पादन/ निर्माण/ रखरखाव गतिविधियां	₹ 9000/- प्रति माह
2	मशीनिस्ट	3			
3	फिटर	1			
4	वेल्डर	1			
5	कारपेंटर	1			
6	एयर कंडीशन मैकेनिक	2			
7	इलेक्ट्रॉनिक्स	1			
8	प्लम्बर	1			
9	इलेक्ट्रीशियन	2			

उपरोक्त प्रशिक्षुता के लिए उम्र सीमा

30/04/2017 को अधिकतम 26 वर्ष ; भारत सरकार के नियमों के अनुसार छूट होगी ।

दिनांक 16/05/2017 को वॉक–इन इंटरव्यू (साक्षात्कार) होगा।

इच्छुक उम्मीदवार भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, नवरंगपुरा, अहमदाबाद के मुख्य द्वार पर रिपोर्ट करें और सुबह 09.30 से 11.30 बजे के बीच पंजीकरण करवा लें। सुबह 11.30 बजे के बाद पहुंचने वाले उम्मीदवारों को तात्कालिक साक्षात्कार (वॉक–इन–इंटरव्यू) में भाग नहीं लेने दिया जाएगा । उम्मीदवारों की पात्रता की सरसरी तौर पर जांच की जाएगी और उसके बाद ही पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार में भाग लेने दिया जाएगा ।

तात्कालिक साक्षात्कार (वॉक–इन–इंटरव्यू) में भाग लेने वाले इच्छुक सभी उम्मीदवारों को हमारी वेबसाइट **www.prl.res.in (→Opportunities→Job vacancies)** से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करना होगा । आवेदन प्रारूप में उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियों के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन प्रपत्र को जांच के लिए प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित जगह पर फोटो चिपकायें ।

जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव (यदि हो), जाति या आवेदन प्रपत्र में दिए किसी भी अन्य जानकारी से संबंधित सभी मूल प्रमाण पत्र लाने होंगे और जांच के लिए प्रस्तुत करने होंगे ।

उपरोक्तानुसार आवेदन प्रारूप/मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेजों की प्रतियां, अंक शीट/विज्ञापित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले उपस्थित उम्मीदवारों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। पी.आर.एल. द्वारा लिया गया निर्णय उम्मीदवारों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा ।

उम्मीदवार ध्यान दें कि उपरोक्त पद पूरी तरह से अस्थायी हैं और उम्मीदवारों को प्रयोगशाला में स्थायी करने की कोई संभावना नहीं है । उम्मीदवारों को पी.आर.एल. के नियमित कर्मचारियों के बराबर नहीं माना जाएगा और उन्हें समाविष्ट करने या नियमित करने के लिए अंतर्निहित या स्पष्ट दावे का कोई अधिकार नहीं होगा ।

अपूर्ण आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा । कोई अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा । जो उम्मीदवार पी.आर.एल. में पहले से समान प्रशिक्षु रहे हैं/या अभी प्रशिक्षु हैं, उन्हें इस साक्षात्कार (वॉक–इन–इंटरव्यू) में भाग नहीं लेने दिया जाएगा ।

साक्षात्कार के लिए चयनित बाहरी उम्मीदवारों (अहमदाबाद के बाहर) को आवेदन प्रारूप में उल्लेख के अनुसार सबसे छोटे मार्ग द्वारा आने–जाने का रेलवे स्लीपर श्रेणी/साधारण बस किराए के लिए यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाएगा । रेलवे/बस के टिकट की प्रतियां प्रस्तुत करने पर ही किराए का भुगतान किया जाएगा ।

पीआरएल के पास घोषित साक्षात्कार (वॉक–इन–इंटरव्यू) को रद्द करने का अधिकार है। सरसरी तौर पर जांचे गए सभी पात्र उम्मीदवारों के साक्षात्कार 16/05/2017 को पूरे करने के प्रयास किए जाएंगे । हालांकि, किसी भी अप्रत्याशित कारणवश उसी दिन में साक्षात्कार पूरा नहीं होने पर, अगले दिन अर्थात् 17/05/2017 को उम्मीदवारों को उपस्थित रहना होगा ।

पंजीकरण के लिए आने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/मोबाइल/लैपटॉप/सीडी/पेन ड्राइव/कैमरा आदि लेकर नहीं आएं ।

Pammamd/93/2017 रजिस्ट्रार

घटता तापमान, बढ़ता हौसला देखें 'लाइफबिलो जीरो' का प्रीमियर, केवल सोनी बीबीसी अर्थ पर

उस पल की कल्पना करें जब महज एक गलत फैसले से आपकी जान खतरे में पड़ सकती है। 15 मई से सोनी बीबीसी अर्थ अलास्का की चरम सर्दी में जिंदगी की लड़ाई में जीवित बचने वाले 4 परिवारों की आश्चर्यजनक कहानियों का प्रदर्शन करने जा रहा है। अवश्य देखें आँखें खोलने वाले हौसले और मुश्किलों की सीरीज – लाइफ बिलो जीरो, का प्रथम प्रसारण 15 मई को रात 10 बजे अर्थ एक्सप्लोरर्स में।

इस शो के साथ आप अलास्का के शानदार देशी स्थानों की यात्रा करेंगे, जो चरम सर्द मौसम के लिए जाना जाता है। यहाँ का तापमान जानलेवा – 62 डिग्री तक गिर जाता है! फिर भी दुनिया के कुछ सबसे ज्यादा अनुकूलित, दृढ़ संपकल्पी एवं एकाकी लोग यहाँ निवास करते हैं। लाइफबिलो जीरो में कठोर मौसम, संसाधनों की कमी और आदमखोर मांसभक्षी जानवारों के बीच लहू जमा देने वाली लंबी अंधकारपूर्ण सर्दी के विरुद्ध उनकी जीने की कोशिशों को दर्शाया गया है।

इस का आरंभ इसी सोमवार से हो रहा है जिसमें जीवित रहने की कुछ प्रेरक एवं आश्चर्यजनक कहानियों का जीवंत चित्रण है, सोनी बीबीसी अर्थ #FeelAlive पर। (20-4)

बिग मैजिक हॉरर जोनर में चीख....एक खौफ्नाक सच के साथ अपनी नई प्रस्तुति ला रहा है

चीख
एक खौफनाक सच...

बिग मैजिक, विविधता भरा मनोरंजन देने वाला एंटरटेनमेन्ट चैनल, दर्शकों को नये और आकर्षक कंटेंट देने की अपनी पहचान बरकरार रखने में हमेशा ही आगे रहा है। ऐतिहासिक, पौराणिक और बच्चों की कल्पनाओं की दुनिया के क्षेत्र में, शोज लॉन्च करने के बाद, अब यह चैनल एक कदम और आगे बढ़ाते हुए दर्शकों के लिये हॉरर शैली का कार्यक्रम ला रहा है। इस लक्ष्य के साथ कि ब्रांड की वैल्यू को और भी ऊंचाइयों तक ले जाना है। हर हफ्ते खूब सारा ड्रामा प्रस्तुत करने के अपने लक्ष्य को साथ लेकर चलते हुए अब यह चैनल अपने दर्शकों को अपने आने वाले शो, चीख...एक खौफ्नाक सच के साथ मनोरंजन करने वाला है। यह शो 15 मई 2017 से, प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार, रात 9 बजे बिग मैजिक चैनल पर प्रसारित होगा।

विभिन्न शैलियों में दर्शकों के मनोरंजन का दायरा बढ़ाने के साथ, बिग मैजिक अपने दर्शकों के अनुभव को नया बनाने के लिये अपने अनूठे शोज की सजावट में नये तत्व जोड़ रहा है। होमी वाडिया के प्रोडक्शन में, टेली बडीज के बैनर तले बना शो, चीख..एक खौफ्नाक सच में चीजों के जरिये डर का वो रूप दिखाया जायेगा, जो ना कभी देखा गया और ना सुना गया। इस अनूठे हॉरर शो में काली परछाइयां और कानों को भेदती हवायें, उन कहानियों का सच अपने अंदर समेटे हुए, जो इससे पहले कभी टेलीविजन पर नहीं दिखाया गया। दर्शकों को रोमांच का अनुभव कराने के लिये, हरेक कहानी को दो हिस्सों में दिखाया जायेगा। इसमें दर्शकों को कुछ अत्यधिक वास्तविक, सुपरनैचुरल और असाधारण घटनाओं का अनुभव कराया जायेगा। (19-8)

उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत जल संसाधनों के प्रबंधन और विकास के बारे में दूसरी बैठक आयोजित की गई

उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अंतर्गत जल संसाधनों के प्रबंधन में विकास के बारे में दूसरी बैठक 08 मई 2017 को नई दिल्ली में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सचिव (डब्ल्यू आर, आरडी और जीआर) डा. अमरजीत सिंह ने की। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व राज्य सरकार में विशेष सचिव (सिंचाई) श्री सी पी त्रिपाठी ने किया जबकि उत्तराखंड सरकार का प्रतिनिधित्व राज्य सरकार में प्रधान सचिव (सिंचाई) श्री आनंद बर्धन ने किया। केन्द्र सरकार की ओर से बैठक में भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों में केन्द्रीय जल आयोग के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय जल आयोग के सदस्य श्री एस. मसूद हुसैन (डब्ल्यूपी एंड पी), जल संसाधन, नदी विकास और गंगा जीर्णोद्धार मंत्रालय के संयुक्त सचिव, श्री संजय कुंडु, और गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (सीएस) शामिल थे।

बैठक में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के प्रतिनिधियों ने जल संसाधन परिसंपत्तियों और ढांचे के वितरण के बारे में बताया कि उत्तर प्रदेश द्वारा 37 नहरें (28 हरिद्वार जिले में और 9 उधम सिंह नगर जिले में) उत्तराखंड को सौंपी जा चुकी हैं। उत्तराखंड सरकार के नियंत्रण में मुरादाबाद जिले में स्थित 8 नहरें राज्य सरकार द्वारा उत्तरप्रदेश सरकार को हस्तांतरित की जा चुकी हैं।

गंगा प्रबंधन बोर्ड के गठन के बारे में बैठक में हुई व्यापक सहमति के बाद तत्संबधी अधिसूचना का मसौदा दोनों राज्यों को पहले ही भेजा जा चुका है। इस बारे में बैठक में व्यापक विचार-विमर्श किया गया और दोनों राज्यों से कहा गया कि वे अपनी औपचारिक प्रतिक्रियाएं भेजें ताकि बोर्ड का शीघ्र गठन किया जा सके।

संपादक–चुनीलाल एस. भट्ट,
मुद्रक एवं प्रकाशक–मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल–201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद–6.
मालिक–कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, बी–4, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया।
फोन–26568477, 26409779.
E : alpaviram1@yahoo.com

केन्द्रीय कृषि एवं किसान मंत्री ने ई- कृषि संवाद- पब्लिक ICAR इंटरफेस का लोकापर्ण किया

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, श्री राधा मोहन सिंह ने आज यहाँ ई- कृषि संवाद का लोकापर्ण किया । श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह किसानों को एक विशिष्ट इंटरनेट आधारित ऑनलाईन मंच प्रदान करेगा जिससे हितकारी सीधे, प्रभावी एवं सुगम संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते है। श्री सिंह ने कहाँ कि यह मंच विभिन्न वर्गों के हितकारकों जैसे किसानों विद्यार्थियों, उद्यमियों, अनुसंधानकर्ताओं एवं कृषि क्षेत्र अभिरूच रखने वाले तथा संबंधित क्षेत्रों को अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। हितधारक अपनी समस्याओं का समाधान, संस्थानों के विषय वस्तु विशेषज्ञों से सीधे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की वेबसाइट http://www.icar.org.in जाकर इंटरनेट एवं स्रू के द्वारा प्राप्?त कर सकते हैं।

अनिल कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया

भारतीय रेल इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी सेवा (IRSEE) के 1980 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री अनिल कुमार गुप्ता ने मंगलवार, 9 मई, 2017 को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

आप मोतीलाल नेहरू रीज़नल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, इलाहाबाद (अब MNNIT) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक (BE) हैं। आप वर्ष 1982 से रेलवे में कार्यरत हैं तथा अपनी तीन दशकों की सेवा में आपने पूर्व रेलवे, पश्चिम रेलवे, मध्य रेल, पश्चिम मध्य रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे तथा अनुसंधान अभिकल्प तथा मानक संगठन (RDSO) सहित क्षेत्रीय रेलों एवं उत्पादन इकाइयों के विभिन्न महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। श्री गुप्ता ने वर्ष 1984 में पूर्व रेलवे के बर्द्धवान में सहायक विद्युत इंजीनियर के रूप में रेल सेवा की शुरुआत की थी तथा अब तक रेलवे के कई महत्त्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। श्री गुप्ता को पश्चिम रेलवे के दाहोद में मुख्य कारखाना प्रबंधक, पश्चिम रेलवे के मुख्य बिजली इंजीनियर (योजना), पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर मध्य रेल के मुख्य बिजली इंजीनियर, पूर्व रेलवे के मुख्य संरक्षा अधिकारी तथा क्षेत्रीय इसी रेलवे के मुख्य बिजली इंजीनियर जैसे महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का गहन अनुभव प्राप्त है। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर नियुक्त होने से पूर्व श्री गुप्ता दक्षिण मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान श्री गुप्ता आरडीएसओ, लखनऊ में कार्यकारी निदेशक/आरडीएसओ सहित दो महत्त्वपूर्ण पदों पर भी कार्य कर चुके हैं। आप डब्ल्यूएपी (पैसेंजर ट्रेनों के लिए ब्रॉड गेज विद्युत इंजन) श्रेणी के इंजनों के 180 कि.मी./घंटा की गति परीक्षण, डुअल वोल्टेज एसी/डीसी इंजनों को विकसित करने, मुंबई उपनगरीय प्रणाली हेतु 3 फेज एसी ईएमयू के विकास तथा कोलकाता मेट्रो के लिए नये रोलिंग स्टॉक के कार्य से भी जुड़े रहे। मुख्य कारखाना प्रबंधक, दाहोद के पद पर रहते हुए आप इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए मिड-लाइफ रीहैबिलिटेशन सुविधाओं में वृद्धि करने में भी सहायक सिद्ध हुए हैं। रेलवे की प्रौद्योगिकी को स्वदेशी तौर पर विकसित करने में आप गहरी रुचि रखते हैं। श्री गुप्ता प्रशिक्षण एवं अध्ययन कार्यक्रमों हेतु युनाइटेड किंगडम, जर्मनी, चीन, फ्रांस तथा स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों की यात्राएँ कर चुके हैं।

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

भारी पानी संयंत्र, बड़ौदा

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य महाप्रबंधक भारी पानी संयंत्र (बड़ौदा) निम्न लिखित कार्य के लिए दो बोली प्रणाली द्वारा ऑनलाइन मद दर निविदा आमंत्रित करते हैं :–

निविदा संख्या: **भापासं / (ब) / सिविल / 2017 / 01(अ)**
कार्य का नाम: **भापासं (बडौदा) मे छोटे सिविल श्रम कार्य।**
अनुमानित लागत: **₹ 31,16,500/- (+) सर्विस टैक्स;** ईएमडी: **₹ 62,330 /–**
कार्य पूरा करने की अवधि: **09 माह**
ऑन लाइन निविदा प्रस्तुत करने की समय सीमा: **दिनांक 30.05.2017 को 15:00 बजे।**

निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.tenderwizard.com/DAE.** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा सूचना वेबसाइट **www.hwb.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

संस्कृति मंत्रालय बुद्ध जयंती समारोह मनाता है

संस्कृति मंत्रालय ने बुद्ध के जन्म, ज्ञान और महापरिनिर्वाण के आशीर्वाद दिन को शुभ वैशाख महीने के पूर्णिमा दिवस को केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ महेश शर्मा तथा गृह राज्यमंत्री श्री किरण रिजिजू की उपस्थिति में आज एक समारोह मनाया।

बुद्ध जयंती समारोह 2017 के इस शुभ अवसर पर संस्कृति मंत्रालय ने प्रो एस.आर. भट्ट, बौद्ध धर्म के एक प्रसिद्ध विद्वान जिन्होंने बौद्ध धर्म के संरक्षण और संवर्धन में अत्यधिक योगदान दिया है, को सम्मानित किया। थिवड़ा परंपरा में मंगलाचरण और महायान परंपरा के भिक्षुओं द्वारा जप किया गया। प्रोफेसर गेशे गुवांग सामतेन ने बुद्ध के उपदेश दिए और प्रख्यात नर्तक शोभना नारायण ने शुनायता थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं दुनिया भर में बहुत लोकप्रिय है और मानव संसाधन विकास मंत्रालय भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को पाठ पुस्तकों में शामिल करने के लिए काम कर रहा है क्योंकि उनकी शिक्षाएं अभी भी बहुत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा देने का उद्देश्य न केवल ज्ञान पाने और रोजगार हेतु कुशल बनाने तक ही सीमित होना चाहिए बल्कि एक आदर्श व्यक्ति को भी तैयार करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के पाठ्यक्रम ढांचे को सुधारने पर भी जोर दिया।

संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ महेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बौद्ध धर्म ने हमारे देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है और भगवान बुद्ध से संबंधित चीजें भारत में ही संपन्न हुई हैं। त्रिपिताका के रूप में जाने वाले उनके तीन टोकरी में नैतिक अनुशासन, मन के प्रशिक्षण की विधि और ज्ञान के फैलाव तथा प्रसार के लिए जमीन तैयार करने के तरीके शामिल हैं। भगवान बुद्ध से जुड़े आठ धार्मिक स्थानों में से सात भारत में स्थित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत सरकार तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए भारत में बौद्ध धर्म के स्मारकों, पवित्र मंदिरों और स्थानों के संरक्षण और प्रचार के लिए समर्पित है। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री किरण रिजिजू ने अपने संबोधन में कहा कि पूरा विश्व भारत की ओर टकटकी लगाये बैठा है कि भारत बौद्ध धर्म के लिए क्या कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर भारत भगवान बुद्ध द्वारा दिखाए गए मार्गों का पालन करना जारी रखता है तो भारत फिर से सुपर पावर बन सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गृह मंत्रालय ने विदेशी पर्यटकों के लिए ई-वीजा के नियमों को आसान बनाने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं।

भारतीय चंद्र कैलेंडर के अनुसार बुद्ध जयंती वैसाख पूर्णिमा को पड़ता है यानि वैसाख महीने के पूर्ण चंद्र दिवस के दिन। गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान और महापरिनिर्वाण को एक ही दिन मनाने वाले बौद्धों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण दिन है। मई 1950 में श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित बौद्ध धर्म विश्व फैलोशिप की पहली बैठक में ही यह फैसला किया लिया गया था कि वैसाख पूर्णिमा को बुद्ध के तीनों-जन्म, ज्ञान और महापरिनिर्वाण को एक साथ मनाया जाए।

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र-इसरो
SPACE APPLICATIONS CENTRE-ISRO
अहमदाबाद AHMEDABAD - 380 015

निविदा सूचना सं.: सैक/सा.नि/06/2017-18
Tender Notice No.: SAC/PT/06/2017-18

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरि. प्रधान, क्रय एवं भंडार, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद निम्नलिखित के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

For and on behalf of the President of India, Sr. Head, Purchase & Stores, Space Applications Centre, Ahmedabad invites tenders as following:

क्र.सं. S.N.	निविदा नं. Tender No.	संक्षिप्त विवरण Brief Description
1	AHDI 201600317501	Providing Reception & House Keeping Services for 2 years at SAC & Bopal Campus Guest Houses (**Pre-Bid on 17/05/2017;1030 hours at Reception Building No. 30D, SAC Campus**)
2	AHAD 201600310201	Providing Catering Services at SAC & Bopal Guest Houses at Ahmedabad for a Period of Two Years (**Pre-Bid on 18/05/2017;1030 hours at VIP Dining Hall, Main Canteen, SAC Campus**)
3	SAC/CPUR/2017E0207401	Space Grade DSCC Qualified Ferrite Beads
4	SAC/CPUR/2016E0208501	Band-Pass Filters For ATP
5	SAC/CPUR/2017E0295301	Test Setup Development
6	SAC/CPUR/2017E0306501	Optical Image Sensor Timing Pattern Gen. & Data Acquisition Module
7	SAC/APUR/2017E0298301	Tente Heavy Duty Castor Wheels
8	SAC/CPUR/2017E0311501	S-Band 4kw Pulse TWT Amplifier
9	SAC/CPUR/2017E0320501	Space Grade 512k X 32 SRAM
10	SAC/APUR/2017E0337301	Server
11	SAC/HPUR/2017E0345901	Isotope Ratio Mass Spectrometer &Elemental Analyser
12	SAC/DPUR/2017E0351401	ESD HBM Simulator

- **क्र.सं. 1 से 2 :** निविदा दस्तावेज तथा विस्तृत निबंधन एवं शर्तें इसरो वेबसाइट www.isro.gov.in तथा www.sac.gov.in पर उपलब्ध हैं और उसे वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है प्रस्ताव निर्धारित शुल्क रु.545/- के साथ जमा करें। उसमें दर्शाए गए दिनांक और समय के अंदर मुहरबंद लिफाफे में बोली जमा की जानी है।
- **Sr. No. 1 to 2:** Tender documents as well as detailed terms & conditions are available on ISRO website www.isro.gov.in and www.sac.gov.in and the same can be downloaded from the website and the offer may be submitted along with prescribed fee of Rs. 545. Quotations are to be submitted in sealed cover within due date and time as indicated therein.
- **क्र.सं. 3 से 12:** इच्छुक विक्रेता इसरो ई-खरीद वेबसाइट www.eprocure.isro.gov.in से ई-निविदा डाउनलोड कर सकते हैं। बोलियां मात्र ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से **ऑनलाइन** प्रस्तुत की जानी है।
- **Sr. No. 3 to 12**: Interested vendors can download e-tenders from ISRO e-procurement website www.eprocure.isro.gov.in. The bids are to be submitted **online** through the e-procurement portal only.

Interested vendors, if not registered on our e-procurement portal may register themselves at www.eprocure.isro.gov.in

इच्छुक विक्रेताओं ने यदि हमारे ई-प्रापण पोर्टल पर रजिस्टर नहीं किया है तो वे www.eprocure.isro.gov.in पर स्वयं को रजिस्टर करें।

- इस निविदा के समक्ष यदि कोई शुद्धिपत्र हो उसे संबंधित वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
- Corrigendum if any against these tenders will be published in respective websites.

दिनांक/Date: 11-05-2017 वरि.प्रधान, क्रय एवं भंडार / Sr. Head, Purchase & Stores

---

सूचना

कृपया आपके विज्ञापन व समाचार हमारे निम्न लिखित ई-मेल पर ही भेंजे :
alpaviram@gmail.com